Class- 4
EVS

# पाठ-1 परिवार- कल और आज

प्रश्नः1 जिस परिवार में दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई व उनके बच्चे साथ मिलकर रहते हैं, उस परिवार को क्या कहते हैं?

(क) एकल परिवार (ख) संयुक्त परिवार

(ग) मिश्रित परिवार (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (ख)

प्रश्नः2 आपके पिता जी की बहन को आप क्या कहेंगें ?

(क) बहन (ख) सहेली

(ग) बुआ (घ) दीदी

उत्तर (ग)

प्रश्नः3 जिस परिवार में दादा-दादी, चाचा-चाची, ताऊ-ताई व उनके बच्चे मिलकर रहतें है, उसे संयुक्त परिवार कहते हैं परन्तुमेरे परिवार में मैं, मेरी बहन व मेरे माता-पिता रहतें हैं, उस परिवार को हम क्या कहेंगें?

(क) एकल परिवार (ख) संयुक्त परिवार

(ग) मिश्रित परिवार (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (क)

प्रश्नः4 पिता जी की पत्नी को माता, दादा जी की पत्नी को दादी ताऊ जी की पत्नी को ताई कहते हैं, चाचा की पत्नी को क्या कहते हैं ?

(क) भाभी (ख) मौसी

(ग) बुआ (घ) चाची

उत्तर (घ)

प्रश्नः5 परिवार में विभिन्न समारोहों, त्योंहारों के अवसर पर घरों में महत्वपूर्ण निर्णय कौन लेता हैं ?

(क) मुखिया (ख) ताऊ

(ग) छोटा भाई (घ) दादी

उत्तर (क)

प्रश्नः6 दियों के त्योहार को दीपावली कहते हैं, रंगों के त्योहार को क्या कहते हैं ?

(क) होली (ख) रक्षाबंधन

(ग) तीज (घ) दशहरा

उत्तर (क)

प्रश्नः7 आज विभिन्न त्योहारों, उत्सवों पर प्लास्टिक व स्टील के बर्तनों में खाना परोसा जाता है आपके दादा-दादी के विवाह में खाना कैसे परोसा गया होगा ?

(क) कांच के बर्तनों में

(ख) श्री स्टील के बर्तनों में

(ग) लोहे के बर्तनों में

(घ) पत्तलों व मिट्टी के बर्तनों में

उत्तर (घ)

प्रश्नः8 परिवार में नए बच्चे के जन्म लेने पर माँ को क्या नया काम करना होता है ?

(क) खाना बनाना (ख) कपड़े धोना

(ग) बच्चे की देखभाल करना (घ) सब्जी काटना

उत्तर (ग)

प्रश्नः9 हरियाणा में कुल कितनी विधानसभा सीटे है ?

(क) 54 (ख) 67

(ग) 90 (घ) 72

उत्तर (ग)

प्रश्नः10 किसी व्यक्ति द्वारा धन कमाने का उद्धेश्य से किए गए कार्य को क्या कहते हैं ?

(क) व्यवसाय (ख) खेल

(ग) विवाह (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (क)

प्रश्नः11होली का त्योहार किस बात का प्रतीक है ?

(क) भाईचारे का (ख) सुन्दरता का

(ग) सहनशीलता (घ) मिठाई का

उत्तर (क)

# पाठ-2 नेहा का जन्मदिन

प्रश्न:1 पाठ- ''नेहा का जन्मदिन'' में विनय ने काला चश्मा और हाथ में छड़ी क्यों ली हुई थी ?

(क) सुन नहीं सकता (ख) गा नहीं सकता

(ग) देख नहीं सकता (घ) चल नहीं सकता

उत्तर (ग)

प्रश्न:2 नेहा के जन्मदिन पर सबने सुंदर-सुंदर वस्तुएं दी। जन्मदिन पर दी जाने वाली वस्तुओं को क्या कहते हैं ?

(क) उपहार (ख) ईनाम

(ग) मिठाई (घ) केक

उत्तर (क)

प्रश्न:3 घूंघरू की आवाज छन-छन, घंटी की आवाज टन-टन, चूड़ियों की आवाज कैसी होती है ?

(क)डम-डम (ख) बम-बम

(ग) हिन-हिन (घ) खन-खन

उत्तर (घ)

प्रश्न:4 पाठ- ''नेहा का जन्मदिन'' में बिना देखे ही ज्योति ने कैसे पहचान लिया कि नीतू ने हलवा बनाया हैं ?

(क) खुशबु से (ख) देखकर

(ग) छूकर (घ) चखकर

उत्तर (क)

प्रश्न:5 हमारी कुल कितनी ज्ञानेन्द्रियाँ हैं ?

(क) 4 (ख) 6

(ग) 5 (घ) 3

उत्तर (ग)

प्रश्न:6 बारिश की छम-छम का अनुमान किस ज्ञानेंद्री से लगाएगे ?

(क) आँख (ख) त्वचा

(ग) कान (घ) नाक

उत्तर (ग)

प्रश्न:7 रसगुल्ला की मिठास का अनुभव किस ज्ञानेन्द्री से किया जाता है ?

(क) आँख (ख) जीभ

(ग) त्वचा (घ) नाक

उत्तर (ख)

प्रश्न:8 कपड़े के जलने की गंध का पता किस ज्ञानेन्द्री से चलता है ?

(क) नाक (ख) जीभ

(ग) त्वचा (घ) आँख

उत्तर (क)

प्रश्न:9 कौनसी ज्ञानेन्द्री ढोल बजने का ज्ञान कराती है ?

(क) आँख (ख) कान

(ग) नाक (घ) त्वचा

उत्तर (ख)

प्रश्न:10 मच्छर काटने पर आपको दर्द हुआ। किस ज्ञानेन्द्री ने आपको यह अनुभव कराया ?

(क) त्वचा (ख) नाक

(ग) जीभ (घ) आँख

उत्तर (क)

प्रश्न:11 आपकी कक्षा की सुंदर घड़ी का आभास आपकी ज्ञानेन्द्री से होता है ?

(क) नाक (ख) आँख

(ग) कान (घ) त्वचा

उत्तर (ख)

प्रश्न:12 कान साफ करने के लिए निम्नलिखित में से कौनसी वस्तु का प्रयोग करना चाहिए ?

(क) माचिस की तीली (ख) उंगली

(ग) ईयर बड्स (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (ग)

प्रश्न:13 अधिक टी0बी0 व मोबाईल में गेम खेलना किस ज्ञानेन्द्री के लिए हानिकारक है ?

(क) कान (ख) आँख

(ग) जीभ (घ) त्वचा

उत्तर (ख)

प्रश्न:14 त्वचा को साफ रखने के लिए हमें प्रतिदिन ------- करना चाहिए?

(क) स्नान करना चाहिए

(ख) सोना चाहिए

(ग) खाना खाना चाहिए

(घ) उपरोक्त में कोई नहीं

उत्तर (क)

# पाठ-3''मस्ती की रेल, मेरे ये खेल''

प्रश्नः1 ''मस्ती की रेल, मेरे ये खेल'' में मोहित को कौनसा खेल सबसे अच्छा लगताहै?

(क) खो-खो (ख) रस्साकशी
(ग) कबड्डी (घ) क्रिकेट
उत्तर (ग)

प्रश्नः2 ''मस्ती की रेल, मेरे ये खेल'' में सुमन को कौनसा खेल सबसे अच्छा लगता है?

(क) खो-खो (ख) छुपन-छुपाई
(ग) दौड़ लगाना (घ) कुश्ती
उत्तर (घ)

प्रश्नः3 सुशील कुमार ने कुश्ती में 2012 में लंदन ऑलंपिक में सिल्वर व 2008 में बींजिग ऑलंपिक में भारत को ब्रॉउंज मैडल दिलवाया जो कि हरियाणा के रहने वाले हैं। हरियाणा की ऐसी कौनसी कुश्ती खिलाड़ी है जिसने कॉमनवेल्थ खेलों में देश को स्वर्ण पदक दिलाया एवं उसके ऊपर एक फिल्म भी बनी है ?

(क) गीता फोगाट (ख) दीपिका पादुकोण
(ग) दीपिका करमाकर (घ) सानिय मिर्जा
उत्तर (क)

प्रश्नः4 ये कौनसा आसन है ?



(क) धनुरासन (ख) शीर्षसन
(ग) पद्मासन (घ) वज्रासन
उत्तर (घ)

प्रश्नः5 ये कौन सा आसन है ?



(क) सर्वांगासन (ख) उश्ट्रासन
(ग) हलासन (घ) पद्मासन
उत्तर (घ)

प्रश्नः6 खो-खो के खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं ?

(क) 8 (ख) 10
(ग) 9 (घ) 11
उत्तर (ग)

प्रश्नः7 योग और खेलों से शरीर ------- रहता है?

(क) स्वस्थ (ख) थकान
(ग) कमजोर (घ) आलसी
उत्तर (क)

प्रश्नः 8 ये खिलाड़ी हरियाणा के हिसार जिला की है जिसने बैडमिंटन में विश्व में भारत की पहचान बनाई है इसे 2010 राजीव गाँधी खेल रत्न व 2016में पदमश्री पुरस्कार मिल चुका है, खिलाड़ी का क्या नाम है ?



(क) सानिया मिर्जा (ख) गीता फोगाट
(ग) साक्षी मलिक (घ) सायना नेहवाल
उत्तर (घ)

प्रश्नः9 खो-खो के खेल में एक टीम का खिलाड़ी विपक्षी टीम के खिलाड़ी की पीठ को छू कर एक विपक्षी शब्द बोलता है वह शब्द क्या है ?

(क) खो (ख) थप्पा
(ग) छू (घ) कबड्डी
उत्तर (क)

# पाठ-4 बड़े मद्‌दगार, हमारे कामगार

प्रश्नः1 विभिन्न कामगार हमारी बहुत सहायता करते हैं मोची जूते ठीक करता है। दीपावली पर जो कामगार हमारे लिए मिट्‌टी के दिए बनाता है उसे क्या कहते हैं ?

(क) कारीगर (ख) मिस्त्री

(ग) कुम्हार (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर (ग)

प्रश्नः2 अस्पताल में डॉक्टर रोगी का इलाज/उपचार करता है परन्तु रोगी की देखभाल कौन करता है ?

(क) नर्स (ख) आया

(ग) बाई (घ) कर्मचारी

उत्तर (क)

प्रश्नः3 राज मिस्त्री घर बनाता है, घर में जो टूंटियाँ/नल लगाता या ठीक करता है उसे क्या कहते हैं ?

(क) मिस्त्री (ख) पलम्बर

(ग) कारीगर (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर (ख)

प्रश्नः4 ऐसे मद्‌दगार जो विभिन्न दैनिक कार्यों में हमारी सहायता करते है जैसे दर्जी, डॉक्टर, ड्राईवर उन्हें हम क्या कहते हैं ?

(क) मजदूर (ख) दिहाड़ीदार

(ग) कामगार (घ) अधिकारी

उत्तर (ग)

प्रश्नः5 ''बड़े मद्‌दगार, हमारे कामगार'' में नरगिस के पिता सैनिक है, सैनिक क्या कार्य करता है?

(क) चोर पकड़ता है

(ख) यातायात/ट्रैफिक नियंत्रण

(ग) अपराधियों को सजा दिलवाता है

(घ) देश की रक्षा करता है

उत्तर (घ)

प्रश्नः6 थर्मल पावर प्लांट में कोयले से क्या पैदा होता/होती है?

(क) बिजली (ख) पेट्रोल

(ग) डीजल (घ) भाप

उत्तर (क)

प्रश्नः7 ड्राईविंग लाईसैंस बनवाने के लिए न्यूनतम आयु कितनी होनी चाहिए ?

(क) 17 वर्ष (ख) 18 वर्ष

(ग) 21 वर्ष (घ) 20 वर्ष

उत्तर (ख)

प्रश्नः 8 कचरे में सबसे हानिकारक क्या होता है ?

(क) लोहा (ख) काँच की बोतलें

(ग) पॉलिथीन की थैलियाँ व प्लास्टिक

(घ) लकड़ी

उत्तर (ग)

प्रश्नः 9 पुराने अखबार, लोहा, काँच तथा प्लास्टिक को एक प्रक्रिया के बाद प्रयोग में लाया जा सकता है, जिसे कहते हैं ----- ?

(क) रासायनिक क्रिया (ख) पुनर्चक्रण

(ग) उत्पादन (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (ख)

प्रश्नः10 कमीज बनाने की प्रक्रिया को क्रम में लगाओं ?

(क) कपास (ख) कपड़ा सिलना

(ग) कपड़ा बुनना (घ) धागा बनाना

(क) घ ग ख क

(ख) ख क घ ग

(ग) क घ ग ख

(घ) ख घ क ग

उत्तर : (ग) क घ ग ख

# पाठ–5 मन बहलाते मेले

प्रश्नः1 मेलो से हमारा मनोरंजन होता है, इसके साथ मेले हमारी किस बात के प्रतीक है ?

(क) संस्कृति (ख) सुन्दरता

(ग) विकास (घ) प्रगति

उत्तर (क)

प्रश्नः2 त्योहारों और मेलों में महिलाएँ अपने हाथों पर क्या लगाती हैं?

(क) गुलाल (ख) हल्दी

(ग) मेंहदी (घ) मिट्टी

उत्तर ग

प्रश्नः3 मेलों में बच्चे अपने लिए प्रायः क्या खरीदते है ?

(क) कपड़े (ख) खिलौने

(ग) किताबे (घ) पतंग

उत्तर (ख)

प्रश्नः 4 मन बहलाते मेले पाठ में मेले में एक जगह स्त्री–पुरूशों का समूह हरियाणवी नृत्य कर रहा था, हरियाणा के लोकनृत्य का क्या नाम है ?

(क) भंगड़ा, गिद्दा (ख) घूमर, सांग

(ग) गरबा (घ) डांड़ियां

उत्तर (ख)

प्रश्नः5 सूर्यग्रहण मेले में देश विदेशों से लोग आकर यहां स्थित ब्रहमसरोवर में स्नान करते है, हरियाणा राज्य के किस स्थान पर यह मेला लगता है ?

(क) भिवानी (ख) महेन्द्रगढ़

(ग) गुडगांव (घ) कुरूक्षेत्र

उत्तर (घ)

प्रश्नः6 हरियाणा के अतिरिक्त और किस राज्य के लोकनृत्य का नाम घूमरहैं?

(क) पंजाब (ख) गुजरात

(ग) राजस्थान (घ) उत्तर प्रदेश

उत्तर ग

प्रश्नः7 हरियाणा में लगने वाले सुरजकंड मेला इंटरनैशनल क्राफ्ट मेले/ हस्तशिल्प मेले के नाम से भी प्रसिद्व है, जिसमें विभिन्न देश अपनी प्रतियां का प्रदर्शन करते है। यह मेला हरियाणा के किस जिले में लगाया जाता है। ?

(क) कुरूक्षेत्र (ख) पंचकुला

(ग) गुडगांव (घ) फरीदाबाद

उत्तर घ

प्रश्नः8 कपालमोचन मेले में वहां स्थित सोम सरोवर में पूरे भारत से लोग आते हैं। यह हरियाणा के किस जिले में लगता है ?

(क) रेवाडी (ख) कुरूक्षेत्र

(ग) यमुनानगर (घ) झज्जर

उत्तर (ग)

प्रश्नः9 पाठ मन बहलाते मेले में एक जगह स्त्री–पुरूषों का समूह बडी सुन्दर वेशभूषा में वहां का लोक नृत्य कर रहा था जिसमे हरियाणा के पुरूषो ने पहना था ?

(क) धोती (ख) धोती कुरता

(ग) कुरता, चादर (घ) पेंट कमीज

उत्तर (ख)

प्रश्नः10 हरियाणा की महिलाओं के द्वारा पहना जाता है।

(क) सलवार कमीज (ख) साड़ी

(ग) लंहगा, कुरता (घ) कुरता, घाघरा, ओढ़नी

उत्तर (घ

# पाठ-6 टेसू राजा अड़े खड़े

प्रश्नः1 उसमें उड़द उगाऊं मैं, फसल काट कर घर लाऊं मैं। इसमें उड़द है-

(क) अनाज (ख) तेल
(ग) दाल (घ) सब्जी
उत्तर (ग)

प्रश्नः2 बड़े किस दाल के बने हैं (पाठ के आधार पर)- ?

(क) मूंग साबूत (ख) अरहर
(ग) उड़द (घ) चावल
उत्तर (ग)

प्रश्नः3 बड़ों को किस में डाल कर निचोड़ा जाता है ?

(क) तेल (ख) पानी
(ग) दही (घ) शहद
उत्तर (ख)

प्रश्नः4 बड़ो का आकार ?

(क) आयताकार (ख) वर्गाकार
(ग) घनाभ (घ) गोलाकार
उत्तर (घ)

प्रश्नः5 काली मिर्च, दालचीनी, लौंग, सौंफ ये सब है ?

(क) मसालें (ख) तिल
(ग) अनाज (घ) बेल
उत्तर (क)

प्रश्नः 6 अरहर, मूंग, उड़द ये सब हैं---

(क) मेवे (ख) सब्जियां
(ग) दालें (घ) कुछ नहीं
उत्तर (ग)

प्रश्नः7 दाल--का मुख्य स्त्रोत है

(क) कार्बोहाइड्रेटस (ख) प्रोटीन
(ग) वसा (घ) खनिजलवण
उत्तर (ख)

प्रश्नः8 जिन फसलों से हमें तेल मिलता है उन्हें ----- कहा जाता है।

(क) अनाज (ख) दाल
(ग) तिलहन की फसल (घ) मसाले
उत्तर (ग)

प्रश्नः9 खरबूजा, तरबूज, तौरी, लौकी ये सब लगते है।

(क) पेड़ो पर (ख) पौधों पर
(ग) बेलों पर (घ) फसलों पर
उत्तर (ग)

प्रश्नः10 निम्न में से अनाज नहीं है।

(क) गेंहू (ख) चावल
(ग) मूंग (घ) बाजरा
उत्तर (ग)

प्रश्नः11 कार्बोहाइड्रेटस और वसा हमें मिलती है।

(क) दूध, घी (ख) सेब, अमरूद
(ग) मूंग, गेंहू (घ) खरबूजा, तरबूज
उत्तर (क)

प्रश्नः 12 आयोडीन हमें मिलता है ?

(क) मिर्च (ख) नमक
(ग) हल्दी (घ) अजवायन
उत्तर (ख)

प्रश्नः13 आयोडीन की कमी से निम्न रोग हो जाता है।

(क) रिकेटस (ख) घेंघा
(ग) कुपोशण (घ) रतोंधी
उत्तर (ख)

प्रश्नः14 चक्र पूरा करो (खाली स्थान भरो) ?

(क) खेत खोदना-उड़द उगान-फसल काटना - फटकना--------टिकिया गोल बनाना-तलना-पानी में डालना-निचोड़-दही में डालना

(क) सेकना (ख) तलवाना
(ग) पिट्ठी बनाना (घ) काटना
उत्तर (ग)

प्रश्नः15 गंद्याश को पढ़कर निम्न उत्तर दो

लड़के सबसे ज्यादा प्रसन्न हैं। बार-बार जेब से खजाना निकालकर गिनते हैं। महमूद गिनता है, एक-दो, दस-बारह। उसके पास बारह पैसे हैं। मोहसिन के पास पंद्रह पैसे हैं। इन्हीं अनगिनत पैसों की अनगिनत चीजें लाएंगें-खिलौनें, मिठाईयां, बिगुल, गेंद और न जाने क्या-क्या और सबसे ज्यादा प्रसन्न है हामिद। वह भोली सूरत का चार-पांच साल का दुबला-पतला लड़का। उसका पिता गत् वर्ष हैजे की भेंट हो गया था और माँ न जाने क्यों पीली होती एक दिन भर गई।

1. सबसे ज्यादा कौन प्रसन्न है ?

(क) मोहसिन (ख) हामिद
(ग) महमूद (घ) हामिद का पिता
उत्तर (ख)

2. सबसे ज्यादा कौन प्रसन्न है ?

(क) मोहसिन (ख) हामिद
(ग) महमूद (घ) हामिद का पिता
उत्तर (ख)

3. हामिद की उम्र कितनी है ?

(क) चार-पांच वर्ष (ख) 3-4 वर्ष

(ग) 5-6 वर्ष (घ) 6-7 वर्ष

उत्तर (क)

4. अनगणित से क्या अभिप्राय है ?

(क) गिनने में कम (ख) गणित

(ग) गणित से अन्जान (घ) जिसे गिना न जा सके

उत्तर (घ)

5. हामिद के पिता को क्या हुआ था ?

(क) पीलियां (ख) भेंट

(ग) हैजा (घ) हैजा और पीलिया

उत्तर (ग)

6. महमूद, मोहासिन, हामिद क्या हैं ?

(क) व्यक्तिवाचक संज्ञा (ख) जातिवाचक संज्ञा

(ग) भाववाचक संज्ञा (घ) सर्वनाम

उत्तर (क)

प्रश्नः16 धर्म स्थान पहचानों ?

(क) (ख)

(ग) (घ)

उत्तर (घ)

प्रश्नः17 सही उत्तर छाँटो ?

(1) जवान-बन्दूक (2) चित्रकार-ब्रश

(3) किसान-हल (4) अध्यापक-

क) कलम ख) किताब

ग) कलश घ) छात्र

उत्तर (क)

प्रश्नः18 निम्न पंक्तियों को पूरा करें ----------प्रणाम रम्य भूमि के जवान को किसान को ?

(क) वतन पर हंस के वार दें, जवान अपनी जान को

(ख) पराक्रमी जवान मातृ-भूमि की शान-बान हैं

(ग) भुला सकेगा कौन भला, मौन रक्तदान को

(घ) त्यागी, तपस्वी, धीर-वीर महान आत्मा को

उत्तर (घ)

प्रश्नः19 चित्र पहचानों ?

उत्तर

# पाठ-7 मिलकर खांए मेल बढाएं

प्रश्नः1 खाना खाने से पहले हमें हाथ साबुन से धोने चाहिए। इससे क्या लाभ है ?

(क) बिमारियों से बचाव हेतु (ख) कोई लाभ नही

(ग) सुन्दर दिखने के लिए

(घ) हाथो को चमकाने के लिए

उत्तर क

प्रश्नः2 खाना हमारे लिए अति आवश्यक है यह हमारे शरीर के लिए विभिन्न पोषक तत्वों की पूर्ति करता है। हमें कितना खाना बर्तन में डलवाना चाहिए?

(क) जितना भी परोसने वाला डाले

(ख) जितना साथ वाले बच्चे या व्यक्ति ने लिया है।

(ग) जितनी भूख हो थाली में न बचे

(घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (ग )

प्रश्नः3 जिस बड़े कमरे में सब बच्चे मिलकर खाना खाते है उसे क्या कहते है ?

(क) रसोई घर (ख) मैस या भोजनालय

(ग) हास्टल (घ) इनमें से कोई नहीं

उत्तर (ख )

प्रश्नः4 एक ऐसा विद्यालय जिसमें विद्यार्थी पढते है, वहीं रात को रहते हैं। ऐसे विद्यालय को क्या कहते है ?

(क) बोर्डिग स्कूल (ख) एकल शिफ्ट विद्यालय

(ग) राजकीय विद्यालय (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर क

प्रश्नः5 बोर्डिग स्कूल में बच्चों के रहने के स्थान को क्या कहते है?

(क) घर (ख) हास्टेल या छात्रावास

(ग) प्रतीक्षालय (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर ख

प्रश्नः 6 समूह में भोजन करने से क्या लाभ है ?

(क) आपसी प्यार बढ़ता है।

(ख) खाना बांटना पडता है।

(ग) खाना कम खाया जाता है।

(घ) इनमें से कोई नही।

उत्तर क

# पाठ- 10 पौधों का आधार-जड़े

प्रश्नः 1 पौधे का मुख्य भाग नही है।

क. तना　　ख. जड.

ग. पतिया　　घ. मिट्टी

उत्तर ( घ)

प्रश्न:2 जड का कार्य है?

(क) पौधे को जमीन से बांधना,

(ख) जमीन से पानी खीचना।

(ग) क और ख दोनों

(घ) कोई भी नहीं

उत्तर ( ग)

प्रश्न:3 (भूमिगत रूपांतरित जड़े) कौन सी जड़ है?

(क) गाजर　　(ख) मूली

(ग) शलगम　　(घ) उपरोक्त सभी

उत्तर (घ )

प्रश्न:4 कौन सा काम जड़ का नही है?

(क) पानी सोखना　　(ख) जनन

(ग) ऊर्जा भंडारण　　(घ) भोजन बनाना

उत्तर (घ )

प्रश्न:5 बड़ की दाढ़ी एक उदाहरण है ?

(क) छोटी जड़ का　　(ख) बड़ी जड़ का

(ग) वायवीय जड़ का　　(घ) खरपतवार का

उत्तर (ग)

प्रश्न:6 पौधे का कौन सा भाग उसके लिए भोजन बनाता है ?

(क) पत्ते　　(ख) जड़

(ग) तना　　(घ) शाखाएं

उत्तर (क)

प्रश्न:7 पौधों की भोजन बनाने की क्रिया?

(क) प्रकाश संश्लेशण　　(ख) भोजन निर्माण

(ग) सांस लेना　　(घ) उपरोक्त सभी

उत्तर (क)

प्रश्न:8 भोजन पौधों द्वारा बनाने में गैस प्रयोग होती है ?

(क) आक्सीजन　　(ख) कार्बन-डाइ आक्साइड

(ग) नाइट्रोजन　　(घ) उपरोक्त सभी

उत्तर (ख )

प्रश्न:9 ऐसा पेड़ जो दिन-रात आक्सीजन छोडता है ?

(क) नीम　　(ख) आम

(ग) पीपल　　(घ) अमरूद

उत्तर (ग )

प्रश्नः 10 मनुष्य सांस लेने में कौन सी गैस का प्रयोग करता है ?

(क) आक्सीजन　　(ख) कार्बन-डाइ आक्साइड

(ग) नाइट्रोजन　　(घ) कोई भी नही

उत्तर ( क)

प्रश्नः 11 बीज के अंकुरण के लिए जरूरी नही है ?

(क) वायु　　(ख) जल

(ग) उचित ताप　　(घ) अंधेरा

उत्तर (घ )

प्रश्नः 12 पौधे की भोजन फैक्ट्री है ?

(क) जड　　(ख) तना

(ग) पत्ता　　(घ) फूल

उत्तर (ग)

# पाठ–11 मुगल गार्डन की सैर

प्रश्नः1 बंगलौर के 'वृदांवन गार्डन' की तरह 'मुगल गार्डन' बहुत प्रसिद्व है यह कहां है?

(क) चेन्नई (ख) मुंबई

(ग) बंगलौर (घ) दिल्ली

उत्तर (घ )

प्रश्नः2 रात को खिलने वाला फूल कौन सा है ?

(क) गुड़हल (ख) गुलाब

(ग) रात की रानी चांदनी (घ) सूरजमुखी

उत्तर (ग )

प्रश्नः 3 ऐसे फूल जो झाड़ियों पर लगते है ?

क. मोगरा ख. कमल

ग. गुलाब घ. चम्पा

उतर : ग

प्रश्नः4 मुगल गार्डन दिल्ली में कहां पर है?

क. राष्ट्रपति भवन ख. संसद भवन

ग. लालकिला घ. महरौली

उतर : क

प्रश्नः 5 गुलकंद किस फूल से बनाया जाता है?

क. गुलाब ख. नीम

ग. कनेर घ. धतुरा

उतर : क

# पाठ-12 बड़े काम के पेड़ हमारे

प्रश्नः1 पेड-पौधों से हमें कौन-सी जीवनदायिनी गैस प्राप्त होती है ?

(क) कार्बन-डाई-आक्साइड (ख) हीलियम
(ग) आक्सीजन (घ) कार्बन-मोनो आक्साइड

उत्तर (ग)

प्रश्नः 2 कुछ पौधे हमें दाले देते हैं, कुछ मसाले कुछ औषधियां तथा कुछ अनाज। अनाज देने वाले पौधे है ?

(क) गेहूं (ख) अरहर
(ग) हल्दी (घ) केला

उत्तर ( क)

प्रश्नः 3 दाल देने वाले पौधा नही है। ?

(क) मूंग (ख) मसूर
(ग) जीरा (घ) चना

उत्तर ( ग)

प्रश्नः 4 मसाले देने वाले पौधा है ?

(क) जीरा (ख) काली मिर्च
(ग) हल्दी (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर (घ )

प्रश्नः 5 बीजो के अंकुरण के लिए जरूरी है

(क) पानी (ख) वायु
(ग) मिट्टी (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर (घ)

प्रश्नः 6 खेतों में कुछ पौधे अनचाहे होते है। जो हमारी मर्जी के बिना उग आते है। वे पौधे कहलाते है ?

(क) खरपतवार (ख) चौलाई
(ग) घास (घ) उपरोक्त कोई नही

उत्तर ( क)

प्रश्नः 7 एक ही प्रकार के बीज अथवा पौधे जब खेतों में समूह में उगाए जाते है ?

(क) खरपतवार (ख) फसल
(ग) फल (घ) फूल

उत्तर : ख

प्रश्नः 8 कौन सा खरपतवार हम भोजन के रूप में प्रयोग करते है ?

(क) बथुआ (ख) चौलाई
(ग) कचरी (घ) उपरोक्त सभी

उत्तर ( घ)

प्रश्नः 9 विभिन्न अचारों में टीट का आचार किस झाड़ी में लगता है ?

(क) कैर (ख) बेरी
(ग) आल (घ) खेजड़ी

उत्तर (क)

# पाठ–13 कानाबाती कुर्र

प्रश्नः1 किस जीव के कान बाहर नही होते?

(क) कौआ (ख) गाय

(ग) तोता (घ) क और ग दोनों

उत्तर घ

प्रश्नः2 कुछ जीवों के शरीर पर बाल होते है जैसे भेड़,बकरी आदि। परन्तु कुछ जीवों के शरीर पर बाल नही होते है। निम्नलिखित में से ऐसे कौन से जीव है?

(क) छिपकली ख. गिरगिट

(ग) केचुएं घ. उपरोक्त सभी

उत्तर घ

प्रश्नः 3 जो जीव पेड़ पौधे और उनके भाग या घास–फूस खाकर जीवित रहते है। वे कहलाते है।

(क) शाकाहारी (ख) मांसाहारी

(ग) सर्वहारी (घ) इनमे से कोई नही

उतर : क

प्रश्नः4 केवल मांस खाने वाले जीव मासांहारी होते है। निम्न में से कौन से जीव मासांहारी है।

(क) हिरण (ख) गाय

(ग) शेर (घ) खरगोश

उतर : ग

प्रश्नः5 : शाक, वनस्पति खाने वाले शाकाहारी, मांस खाने वाले मासांहारी और ऐसे जीव जो मांस तथा शाक दोनो खाते हे, उन्हे कहते है। सर्वाहारी। निम्न में से कौन सा सर्वाहारी है।

(क) शेर (ख) कुत्ता

(ग) गाय (घ) हाथी

उत्तर ख

प्रश्नः6 किस जानवर के कान बडे और पंखे जैसे होते है।

(क) हाथी (ख) जिराफ

(ग) बकरी (घ) कान

उत्तर क

प्रश्नः 7जल में रहने वाले जीव है– मछली, मेढ़क, कछुआ आदि इन्हे कहते है।

(क) उभयचर (ख) जलचर

(ग) नभचर (घ) थलचर

उत्तर ख

प्रश्नः 8 निम्न में से कौन सा जीव उभयचर है

(क) मेढ़क (ख) मक्खी

(ग) चूहा (घ) कोई नही

उत्तर क

प्रश्नः9 निम्न में से थलचर कौन नही है।

(क) घोड़ा (ख) मछली

(ग) हाथी (घ) छिपकली

उत्तर ख

प्रश्नः10हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है उसी तरह हरियाणा का राज्य पक्षी है।

(क) नीलकंठ (ख) नीलगाय

(ग) काला तीतर (घ) काला हिरण

उत्तर ग

प्रश्नः11 हरियाणा का राज्य पक्षी काला तीतर है उसी तरह हरियाणा का राज्य पशु है।

(क) बाघ (ख) हाथी

(ग) बारहसिंग (घ) नील गाय

उत्तर घ

प्रश्नः12 जिस प्रकार राष्ट्रीय पुष्प कमल है उसी प्रकार राष्ट्रीय पशु क्या है।

(क) चीता (ख) हाथी

(ग) हिरण (घ) बाघ

उतर : घ

# पाठ–14 रहे साथ–साथ

प्रश्नः1 ड्रोन क्या है ?

क. नर मक्खी ख. मादा मक्खी

ग. रानी मक्खी घ. डिब्बा

उत्तर (क )

प्रश्नः2 कौन से जीव के परागण से फसल की पैदावार अधिक होती है?

(क) मधुमक्खी (ख) चीटीं

(ग) नील गाय (घ) हाथी

उत्तर (क )

प्रश्नः3 मधुमक्खी पालन के डिब्बों के पायों के नीचे पानी की प्याली रखने का उद्दे-य है ?

(क) शहद ज्यादा बने (ख) चीटियां पानी पीती रहे

(ग) शहद ना बिखरे

(घ) चीटियां डिब्बे के अंदर ना जा सके

उत्तर (घ )

प्रश्नः 4 किसानों का दुश्मन जीव, जिसे गाय की बहन कहा गया है?

(क) नीलगाय (ख) खरगोश

(ग) हिरण (घ) कुता

उत्तर (क )

प्रश्नः भेड़ों का झुंड कहलाता है?

(क) समुह (ख) रेवड

(ग) वर्ग (घ) कोई नहीं

उत्तर (ख)

प्रश्नः6 ----की खाल में भेडिया, मुहावरे में किस जीव का नाम आता है ?

(क) शेर (ख) हाथी

(ग) भेड़ (घ) हिरण

उत्तर ( ग )

प्रश्नः7 कौन सा युग्म गलत है ?

(क) भेड–मेमना (ख) कुत्ता–पिल्ला

(ग) गाय बछडा (घ) बिल्ली–बिल्लाब

उत्तर ( घ)

प्र-नः8 एक छोटा सा जीव जो अधिकतर कतार में चलता दिखाई देता है और अपनी खास एंटिना से मीठी, तली हुई चीजों व अनाज को झट से सूंघ लेता है वह है।

(क) तिलचट्टा (ख) चींटी

(ग) छिपकली (घ) चूहा

उत्तर ख

# पाठ-15 कहाँ- कहाँ से जल

प्रश्नः1 धरती से पानी वाष्पों के रूप में ऊपर चले जाते हैं, जहां से बादल के रूप में बरसते है। ये वाष्प मिलकर बादल बनाते है। बादल बनाने की क्रिया है।

(क) वाष्पीकरण (ख) संघनन

(ग) मेघीकरण (घ) निर्जलन

उत्तर (ख)

प्रश्नः2 गीले कपड़े हवा में या धूप में डालने पर कुछ समय बाद सूख जाते है। इन कपड़ो का सारा पानी उड जाता है?इस प्रकार सेपानी का उड जाना कहलाता है

(क) संघनन (ख) वाश्पीकरण

(ग) सुखाना (घ) उड़ना

उत्तर (ख)

प्रश्नः3 आजकल गाड़ियों में हम विभिन्न प्रकार के इंजन देखते है-डीजल ईंजन, पेट्रोल इंजन, गैस चलित ईंजन। ऐसा ही इंजन है-भाप इंजन। भाज इंजन का आविष्कार किसने किया ?

(क) रूडोल्फ डीजल (ख) ग्रहम खेल

(ग) एडीसन (घ) जेम्स वाट

उत्तर (घ)

प्रश्नः4 नदियां पहाड़ों से निकलकर मैदानी इलाकों में दौडती है। नदियां अंत में किसमे मिल जाती है ?

(क) सागर में (ख) खेतो में

(ग) सूख जाती है (घ) वापिस चली जाती है

उत्तर ( क )

प्रश्नः5 भारत में सबसे लम्बा बांध है-हीरा कुंड बांध। यह बांध किस नदी पर बना है ?

(क) कावेरी (ख) महानदी

(ग) गंगा (घ) गोदावरी

उत्तर (ख)

प्रश्नः6 जल के विभिन्न स्त्रोत है। कौन-सा स्त्रोत प्राकृतिक नही है ?

(क) नदी (ख) कुआँ

(ग) झरना (घ) वर्षा

उत्तर (ख)

प्रश्नः7 जल का कृत्रिम स्त्रोत है ?

(क) तालाब (ख) झरना

(ग) नलकूप (घ) नदियां

उत्तर ग

प्रश्नः:8 जमीन से या चट्टानों से कई स्थानों पर अपने आप गर्म पानी निकलता है।उसे-----कहते है ?

(क) चश्मा (ख) नदियां

(ग) तालाब (ख) झरना

उत्तर (क)

प्रश्नः9 चश्मे का पानी गर्म किस कारण होता है ?

(क) क्लोरीन (ख) गंधक

(ग) पोटिश्यम (घ) सोडियम

उत्तर (ख)

प्रश्नः10 हरियाणा मे सोहना नामक स्थान पर गर्म पानी के चश्में है। सोहना किस जिले में है ?

(क) गुरूग्राम (ख) पंचकुला

(ग) फरीदाबाद (घ) कुरूक्षेत्र

उत्तर (क)

प्रश्नः11चश्में के गर्म पानी में लोग स्नान करते है। यह स्नान लाभकारी होता है ?

(क) हद्‌य रोगो के लिए (ख) चर्म रोगो के लिए

(ग) दिमागी रोगो के लिए (घ) कोई प्रभाव नही

उत्तर (ख)

प्रश्नः12 यमुना नदी पर बांध बनाया गया है- हथिंनी कुंड बैराज। यह बांध हरियाणा के किस जिले में बनाया गया है।?

(क) सोनीपत (ख) पानीपत

(ग) यमुनानगर (घ) हिसार

उत्तर (ग)

# पाठ-16 जल है तो कल है

प्रश्नः1 जीवो के रहने का अपना-अपना स्थान है-जल में थल में। कौन सा जीव जल में नही पाया जाता।

(क) सांप (ख) कछुआ
(ग) नेवला (घ) मेंढ़क

उत्तर (ग)

प्रश्नः2 शरीर में पानी की कमी होने पर घोल मिलाया जाता है ?

(क) ROS (ख) SOR
(ग) RSO (घ) ORS

उत्तर (घ )

प्रश्नः3 एक ही प्रकार के बीज अथवा पौधे जब खेतो में समूह में बोए जाते है, उन्हे कहते है।

(क) उपज (ख) फसल
(ग) हरियाली (घ) खजाना

उत्तर (ख)

प्रश्नः4 दूषित जल से होने वाला रोग है ?

(क) मलेरिया (ख) डेंगू
(ग) हैजा (घ) क्षयरोग

उत्तर (ग)

प्रश्नः5 कुंओं आदि के जल को शुद्व करने के लिए उसमें डाला जाता है।

(क) नीली दवाई (ख) पीली दवाई
(ग) लाल दवाई (घ) हरी दवाई

उत्तर ( ग )

प्रश्नः6 पानी को साफ करने की विधि नही है।

क) उबालना (ख) पटकना
(ग) आर0ओ0सिस्टम (घ) छानना

उत्तर (ख )

प्रश्नः7 लोहे या अन्य धातु के मटके की अपेक्षा मिट्टी के घड़े में पानी अपेक्षाकृत ठंडा रहता है। इसका कारण है ?

क) संघनन (ख) निस्तारण
(ग) वाष्पीकरण (घ) निर्जलीकरण

उत्तर (ग)

# पाठ–17 आशियाना

1. सुल्तानपुर नैशनल पार्क कहां पर स्थित है?
क. गुरूग्राम (गुड़गांव) ख. हिसार
ग. रोहतक घ. रेवाड़ी
उतर : क

2. 'वीबर पक्षी' किसे कहते है?
क. कोयल ख. मैना
ग. बया घ. तोता
उतर : ग

3. 'प्रवासी पक्षी' कौन से मौसम में सुलतानपुर पक्षी बिहार आते है?
क. गर्मी में ख. सर्दी में
ग. बरसात में घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं
उतर : ख

4. कौन सा पक्षी अपना घोंसला नहीं बनाता?
क. चिड़िया ख. तोता
ग. कोयल घ. मैना
उतर : ग

5. कौन सा पक्षी अपना घोंसला पेड़ के तने को खोदकर बनाता है?
क. कोयल ख. कौआ
ग. बघा घ. कठफोड़वा
उतर : घ

6. पुराने समय में जब बिजली नहीं होती थी, तो लोग रोशनी के लिए किसका प्रयोग करते थे?
क. मशाल ख. लालटेन
ग. दिया घ. उपर्युक्त सभी का
उतर : घ

7. घर के जिस हिस्से में पशुओं को रखते थे, उसे क्या कहा जाता था?
क. बाड़ा ख. बरामदा
ग. आंगन घ. कोई नहीं
उतर : क

8. कौन सा पक्षी अपना घोंसला पेड़ की पत्तियों को घास से सीकर बनाता है?
क. बया ख. कठफोड़वा
ग. दर्जिन चिड़िया घ. मोर
उतर : ग

# पाठ-18 बात मानचित्र की

प्रश्न:1 सूर्य किस दिशा में अस्त होता है?

क) पूर्व (ख) पश्चिम

(ग) उत्तर (घ) दक्षिण

उत्तर (ख)

प्रश्न:2 सूर्यास्त के समय आप सूर्य की ओर पीठ करके खडे हो। आपके पीछे कौनी सी दिशा है ?

क) पूर्व (ख) पश्चिम

(ग) उत्तर (घ) दक्षिण

उत्तर (ख)

प्रश्न:3 राजस्थान की राजधानी है?

क) बीकानेर (ख) उदयपुर

(ग) जयपुर (घ) जोधपुर

उत्तर (ग)

प्रश्न:4 हम किसी भी देश या राज्य के बारे में बहुत सी बातें उपने घर पर ही मानचित्र द्वारा जान सकते है? इसके लिए मानचित्र के बारे में किस बात की जानकारी जरूरी नही है।

(क) मानचित्र पर दिशा (ख) मानचित्र का मापक

(ग) मानचित्र के रूढ चिहन

(घ) मानचित्र बनाने वाली कंपनी

उत्तर (घ) मानचित्र बनाने वाली कंपनी

प्रश्नः 5 कौन सा मानचित्र का प्रकार नही है।

क) भौतिक मानचित्र (ख) अभौतिक मानचित्र

(ग) सांस्कृतिक मानचित्र (घ) लघुमापक मानचित्र

उत्तर (ख) अभौतिक मानचित्र

प्रश्नः 6 मानचित्र पर अंकित दो बिन्दुओ के बीच की दूरी और उन्ही दो स्थानों के बीच पृथ्वी पर वास्विक दूरी के अनुपात को क्या कहते है।

(क) माप (ख) मापक

(ग) मापनी (घ) मापी

उत्तर (ख) मापक

प्रश्नः 7 मानचित्र पर अंक्षाश रेखाएं अंकित होती है

क) पूर्व-पश्चिम (ख) पश्चिम-पूर्व

(ग) उत्तर-दक्षिण (घ) दक्षिण-उत्तर

उत्तर क) पूर्व-पश्चिम


प्रश्नः 8 मानचित्र पर देशांतर रेखाए अंकित होती है

(क) पूर्व-पश्चिम (ख) पश्चिम-पूर्व

(ग) उत्तर-दक्षिण (घ) दक्षिण-उत्तर

उत्तर (ग) उत्तर-दक्षिण

प्रश्नः 9 मानचित्र पर ये रूढ़ चिह्न है



(क) बडी लाईन (ख) छोटी लाईन

(ग) जेब्रा क्रासिंग (घ) पार्किग

उत्तर (क)

प्रश्नः 10 मानचित्र के विभिन्न रंगो में नीला रंग किसको प्रदर्शित करता है।

(क) हिम (ख) जल

(ग) जंगल (घ) पर्वत

उत्तर (ख)

प्रश्नः 11 कौन सा देश भारत के उत्तर में नही है।

क) चीन (ख) नेपाल

(ग) श्रीलंका (घ) तिब्बत

उत्तर (ग)

प्रश्नः 12 कौन सा देश भारत के पूर्व में है।

क) अफगानिस्तान (ख) बांगलादेश

(ग) श्रीलंका (घ) तिब्बत

उत्तर (ख)

प्रश्नः 13 हरियाणा की राजधानी है।

(क) जींद (ख) हिसार

(ग) चंडीगढ़ (घ) मेवात

उत्तर (ग) चंडीगढ़

प्रश्नः 14किस राज्य की सीमा हरियाणा से नही लगती है।

क) राजस्थान ख) उत्तर प्रदेश

ग) गुजरात (घ) हिमाचल प्रदेश

उत्तर (ग) गुजरात

# पाठ -19 एक कदम स्वच्छता की ओर

प्रश्नः 1 कचरे के सही निपटान को कहते हैं
(क) निस्तारण (ख) पुर्नचक्रण
(ग) सदुप्रयोग (घ) परीक्षण
उत्तर (क)

प्रश्नः 2 टूटे-फूटे से दोबार वस्तुएं तैयार --करना कहलाता है ?
(क) निस्तारण (ख) पुर्नचक्रण
(ग) सदुप्रयोग (घ) परीक्षण
उत्तर (ख)

प्रश्नः 3 सड़क पार करने से संबंधित कौन सी बात सही नहीं है?
(क) हमेशा जेब्रा क्रांसिग से पार करो
(ख) सड़क खाली होने का इंतजार करें
(ग) हमेशा भागकर पार करें
(घ) दाएं-बाएं देखकर सड़क पार करें
उत्तर (ग)

प्रश्नः 4 गलने वाला कचरा हैः-
(क) कागज (ख) सूखे पत्ते
(ग) फटा हुआ रूमाल (घ) उपरोक्त सभी
उत्तर (घ)

प्रश्नः 5 न गलने वाला कचराः-
(क) पॉलीथीन (ख) चॉक का खाली डिब्बा
(ग) सब्जी के छिलके (घ) टूटी हुई टहनी
उत्तर (क)

प्रश्नः 6 कचरे की सही जगह -------है।
(क) नाली में (ख) खुले में
(ग) कूड़ेदान में (घ) भंडार घर में
उत्तर (ग)

प्रश्नः 7 जल प्रदषण का कारण नहीं ?
(क) फैक्टरियों का अपशिष्ट डालना
(ख) नहरों के किनारे कपड़े धोना
(ग) नदियों से नहरें निकालना
(घ) नहरों में पशुओं को नहलाना
उत्तर (ग)

# पाठ-20 सपनों के पंख

प्रश्नः 1 रेगिस्तान का जहाज ----------कहा जाता है।

(क) ऊंट (ख) हाथी

(ग) हिरण (घ) घोड़ा

उत्तर (क)

प्रश्नः 2 भारत में कुल 29 प्रदेश है भारत का मुकुट या शीर्ष किस प्रदेश का कहा जाता है ?

(क) हिमाचल प्रदेश ख) जम्मू-क-मीर

(ग) अरूणाचल प्रदेश (घ) गोवा

उत्तर (ख)

प्रश्नः 3 स्त्रियों का एक विशष प्रकार का पहनावा है 'फिरन' यह पहनावा किस प्रदेश का है?

(क) गुजरात (ख) तमिलनाडु

(ग) जम्मू-कश्मीर (घ) बिहार

उत्तर (ग)

प्रश्नः 4 किस राज्य के लोग कहवा बड़े चाव से पीते है?

(क) मणिपुर (ख) उड़ीसा

(ग) केरल (घ) जम्मू कश्मीर

उत्तर (घ)

प्रश्नः 5 राजस्थान का पांरपरिक भोजन हैः-

1. दाल बाटी 2. चूरमा

3. मछली-चावल 4. इडली

(क) केवल 1 (ख) 1 व 2

(ग) 2 व 3 (घ) 3 व 4

उत्तर (ख)

प्रश्नः 6 भारत भिन्न-भिन्न भाषा, धर्म, जाति को देश है केरल की भाषा कौनसी है?

(क) भोजपुरी (ख) अवधी

(ग) मलयालम (घ) अंग्रेजी

उत्तर (ग)

प्र-नः7 मारवाड़ी किस प्रदेश की भाषा है ?

(क) असम (ख) बिहार

(ग) उत्तर प्रदेश (घ) राजस्थान

उत्तर (घ)

प्र-नः8 अरब सागर और पश्चिमी घाट की पहाड़ियों के बीच ---प्रदेश है।

(क) केरल ख) तमिलनाडू

(ग) उड़ीसा (घ) मणिपुर

उत्तर (क)

प्रश्न : 9 आंध्र प्रदेश का मुख्य नृत्य है कुचीपुड़ी, कत्थकली-------प्रदेश का नृत्य है।

(क) कर्नाटक (ख) केरल

(ग) बिहार (घ) आंध्र प्रदेश

उत्तर (ख)

प्रश्नः 10 केरल राज्य में एक शब्द बोला जाता हे- 'सेटमुंड' ?

(क) खान-पान (ख) व्यवसाय

(ग) परिधान (घ) देशभक्ति

उत्तर (ग)

# पाठ-21 दूर देश से आई दीदी

1. इंदिरा गांधी अंतराष्ट्रीय हवाई अडडा कौन से शहर में स्थित है?
क. चंडीगढ़ ख. अम्बाला
ग. दिल्ली घ. मुम्बई
उतर : ग

2. रेल रूकने के स्थान को रेलवे स्टेशन कहते हैं उसी तरह पानी के जहाज रूकने के स्थान को क्या कहते है?
क. बस स्टैण्ड ख. हवाई अडडा
ग. टैक्सी स्टैण्ड घ. बन्दरगाह
उतर : घ

3. शिवानी के ताउ जी कौन से देश में रहते हैं (पाठ दूर देश से आई दीदी)?
क. श्रीलंका ख. नेपाल
ग. अमेरिका घ. फ्रांस
उतर : ग

4. जिस तरह भारत की मुद्रा रूपया है उसी तरह अमेरिका की मुद्रा क्या है?
क. डालर ख. टका
ग. पौंड घ. दिनार
उतर : क

5. नोटों पर किस बैंक का नाम लिखा होता है?
क. भारतीय स्टेट बैंक ख. पंजाब नैशनल बैंक
ग. सैण्ट्रल बैंक घ. रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया
उतर : घ

6. नोटों पर किसके हस्ताक्षर होते है?
क. प्रधानमंत्री
ख. रिजर्व बैंक के गर्वनर
ग. राष्ट्रपति घ. राज्यपाल
उतर : ख

7. हमारे देश की डाक टिकटों, नोटों, सिक्कों, सरकारी मोहरों आदि पर किस चिह्न का प्रयोग किया जाता है?
क. राज चिह्न ख. राष्ट्रीय पक्षी
ग. अशोक चक्र घ. बाघ
उतर : क

8. भारत में किस महापुरूष को राष्ट्रपिता कहा जाता है?
क. प. नेहरू ख. महात्मा गांधी
ग. सुभाष चन्द्र बोस घ. नरेन्द्र मोदी
उतर : ख

9. जिस तरह जवाहर लाल नेहरू को प्यार से चाचा नेहरू कहते है उसी तरह प्यार से महात्मा गांधी को क्या कहते है?
क. पिता ख. ताउ
ग. बापू घ. मामा
उतर : (ख)

10. भारत का राज चिह्न कहां से लिया गया है?
क. सारनाथ ख. भागनाथ
ग. दिल्ली घ. जयपुर
उतर : क

# पाठ - 22 मोहित की नई साइकिल

1. साइकिल हमेशा सड़क के किस ओर चलाना चाहिए?
क. दाई ओर ख. सड़क के बीच
ग. बाई ओर घ. उपर्युक्त में कोई नही
उतर : ग

2. ट्रैफिक सिपाही की वर्दी का रंग कैसा होता है?
क. लाल ख. खाकी
ग. नीला घ. सफेद एवं नीला
उतर : घ

3. ट्रैफिक सिपाही चौराहे पर कहां खड़ा होता है?
क. दाएं ख. बाए
ग. बीच में घ. कहीं पर नहीं
उतर : ग

4. सड़क पार करने के लिए किसका प्रयोग किया जाता है?
क. जेब्रा क्रांसिंग ख. फुट ओबर ब्रिज
ग. सब वे घ. इन सभी का
उतर : घ

5. सड़क के बीचों-बीच सड़क से उंची जो एक पतली पट्टी होती है वो क्या कहलाती है?
क. ओबर ब्रिज ख. जेब्रा क्रासिंग
ग. फुटपाथ घ. स्पीड ब्रेकर
उतर : ग

6. सड़क पर वाहन चलाते समय हुए कौन से रंग की लाइट जलने पर वाहन को रोका जाता है?
क. हरी लाइट ख. लाल लाइट
ग. नीली लाइट घ. पीली लाइट
उतर : ख

7. साइकिल चलाते समय किस तरह के कपड़े डालने चाहिए?
क. ढीले-ढाले कपड़े ख. चुस्त एवं तंग कपड़े
ग. क एवं ख दोनों घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं
उतर : क

8. गति अवरोधक पार करते समय साइकिल की गति कैसी होनी चाहिए?
क. तीव्र ख. अति तीव्र
ग. धीमा घ. उपर्युक्त में से कोई नहीं
उतर : ग

9. गति अवरोधक को अंग्रेजी में क्या कहते है?
क. स्पीड ब्रेकर ख. जेबरा क्रोसिंग
ग. राइट टर्न घ. नो पांर्किग
उतर : क

# पाठ–23 ऐसे बनता घर

प्रश्नः 1 मकान बनाने से पहले आजकल सभी उसके लिए नक्शा बनवाते है यह नक्शा कौन बनवाता है।

(क) मैकेनिक (ख) इंजीनियर

(ग) आर्किटेक्ट (घ) पलंबर

उत्तर (ग)

प्रश्नः 2 मकान बनाने के लिए मिस्त्री विभिन्न औजारों प्रयोग करता है

निम्न में से किस औजार की जरूरत उसे नहीं होती?

(क) गुरमाला (ख) करनी

(ग) साहुल सूत्र (घ) टेस्टर

उत्तर (घ)

प्रश्नः 3 मकान कई प्रकार के होते हैं जैसे कच्चा मकान, पक्का मकान इत्यादि? व उनको बनाने के लिए अलग–अलग सामान की जरूरत होती है । कच्चा मकान बनाने के लिए किस चीज की जरूरत नहीं होती

(क) मिट्टी (ख) जल

(ग) औजार (घ) सीमेंट

उत्तर (घ)

प्रश्नः 4 राजमिस्त्री के इस औजार का नाम क्या है ?

(क) गुरमाला (ख) साहुल सूत्र

(ग) कल्याण सूत्र (घ) छेनी

उत्तर (ख)

प्रश्नः 5 आजकल पक्का मकान बनाने का प्रचलन है। शहरों में लगभग पक्के मकान दिखाई देते है। पक्का मकान बनाने के लिए किस चीज की जरूरत नहीं होतीः–

(क) सीमेंट (ख) सरकंडे

(ग) जल (घ) बजरी

उत्तर (ख)

प्रश्नः 6 कोई भी मकान बनाने के लिए पहले जमीन की खुदाई की जाती है इसके लिए दीवार के नीचे जमीन की खुदाई करके जमीने के अंदर से दीवार बनाना शुरू किया जाता है दीवार के नीचे खुदाई की गई जमीन को क्या कहते है?

(क) बीम (ख) गड्ढा

(ग) नींव (घ) तलपट्टी

उत्तर (ग )

प्रश्नः 7 पक्का मकान बनवाने के लिए पक्की ईंटों की जरूरत होती है। पक्की ईंटे किससे बनती है ?

(क) सीमेंट (ख) बजरी

(ग) लकड़ी (घ) मिट्टी

उत्तर (घ)

प्रश्नः 8 आपके आस–पड़ोस में लोग अलग–अलग काम करते हैं उनमें बाल काटने नाई व दुकान चलाने वाले को कहते है दुकानदार। इसी तरह से मकान बनाने वाले को क्या कहते है ?

(क) बढ़ई (ख) राजमिस्त्री

(ग) अभियंता (घ) वैज्ञानिक

उत्तर (ख)

प्रश्नः 9 रामकिशन टैस्टर, पेचकस, प्लास, ड्रिल मशीन आदि औजारों से काम करता है। बताओ रामकिशन कौन है

(क) इलेक्ट्रीशियन (ख) पंलबर

(ग) इंजीनियर (घ) उत्तर

उत्तर (क)

प्रश्नः 10 राधेश्याम ने मेरे घर के लिए लकड़ी की अलमारियां और फर्नीचर बनाकर दिया व घर के सभी दरवाजे, खिड़कियां भी लगाई बताओ राधे-याम कौन है ?

(क) राजमिस्त्री (ख) पलंबर

(ग) मैकेनिक (घ) बढ़ई

उत्तर (घ)

प्र-नः11 मैं बढ़ई हूं। मैं लकड़ी काटने के लिए ---का प्रयोग करता हूं ?

(क) करनी (ख) प्लास

(ग) आरी (घ) कैंची

उत्तर (ग)

प्रश्नः 12 मकान की छतें अलग–अलग प्रकार की बनाई जाती है। ऐसा प्राकृतिक वातावरण व सुंदरता के लिए अवसर किया जाता है ऐसे ही मकान की छत हो–ढलान वाली। ऐसे मकान कहाँ बनाए जाते है ?

(क) मैदानी इलाको में (ख) पहाड़ी इलाको में

(ग) रेगिस्तान में (घ) इनमे से कोई नहीं

उत्तर ( ख )

प्रश्नः 13 लकड़ी और बांस के घर भारत के किस क्षेत्र में अधिक पाए जाते हैं?

(क) दक्षिण भारत (ख) पूर्वी भारत

(ग) मध्य भारत (घ) दिल्ली

उत्तर (ख)